# मसिक फल सितम्बर

**मेष** इस मास में आपके विरूद्ध कुछ षड़यंत्रा होते रहेंगे। बुद्धिमत्ता से उन पर काबू करें। कुछ धार्मिक यात्राओं पर खर्चा होने के योग हैं। किसी बात को लेकर नींद खराब न करें। वरना उच्च रक्तचाप को बुलावा देंगे। संतान पक्ष की बातों का आदर करें। आपको लाभ मिलेगा। यदि आप महिला हैं तो बच्चों की बातों पर कोध न करें। विद्यार्थी पक्ष इस समय पढ़ाई पर ध्यान दें। ऑफिस में निम्न वर्ग के लोग परेशान कर सकते हैं। मास के उत्तरार्ध में शत्रु पक्ष पर आपकी जीत होगी। तारीख 1, 2, 6, 7, 16, 29 हितकर नहीं हैं।

**वृष** इस मास में आपको चहुं ओर से लाभ होगा। बहन बेटियों के साथ किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। संतान पक्ष की खूबियों को समझें। भाग्य में रूकावट से मन में रोष न लायें। मास के उत्तरार्ध में अचानक लाभ होने से मन में खुशी पैदा होगी। व्यापारिक व राजनैतिक क्षेत्रा में आपको सफलता मिलेगी। यदि आप महिला हैं तो कुछ परेशानी रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सही दिशा का चुनाव करें। ऑफिस में आप अपने बॉस से बना कर रखें। 4, 9, 10, 18, 19 लाभकर नहीं हैं।

**मिथुन** इस मास में आपको विशेष लाभ होगा। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। यदि किसी नये वाहन की खरीदारी का सोच रहे हैं तो देरी न करें। भूमि संबंन्धित क्रय विक्रय करने से पहले कागजों को भली प्रकार से जांच लें। बड़ों की सलाह से कार्य को संपन्न करें। यदि आप विद्यार्थी हैं तो अपने जेब खर्च पर नियंत्राण करें। कुछ दोस्तों से दूरी बनाना उचित रहेगा। राजनैतिक क्षेत्रा में आपको विशेष लाभ रहेगा। यदि आप महिला हैं तो घर के साजो सामान पर विशेष ध्यान दें। तारीख 6, 7, 11, 12, 20, 21 हितकर नहीं हैं।

**कर्क** इस मास में पत्नी की बीमारी से मन में परेशानी रहेगी। आप दांत दर्द से परेशान हो सकते हैं। धन प्राप्ति के विशेष योग बन रहे हैं। पानी की बीमारियों से बच कर रहें। विद्यार्थी वर्ग अपनी परेशानियों को बड़ों से सलाह करके कम करें। बहन बेटियों के सहयोग से आपको लाभ रहेगा। महीने के उत्तरार्ध में भौतिक सुख सुविधाओं के सामान का आगमन रहेगा। इस मास में विशेष पुराने मित्राों से मुलाकात होगी। तारीख 9, 10, 14, 22, 23 आपको हितकर नहीं रहेगी।

kundlicityemails.com

**सिंह** यह मास आपको विशेष खुशियां और लाभ देगा। आपके व्यक्तित्व की चहुं ओर सराहना होगी। आप कई यात्राओं पर खर्च करेंगे। कुछ पुराने मित्रों के साथ फिर से उठ बैठ होगी। बच्चों के गुणों को पहचान कर उनकी सराहना करें। इस मास में परिजनों पर आपको खर्च करना पड़ सकता है। सामाजिक लोग आपसे नेतृत्व चाहते हैं। यदि आप महिला हैं तो पति को सहयोग करें। विद्यार्थी वर्ग पढ़ाई के द्वारा परिजनों को प्रसन्न करें। तारीख 11, 12, 16, 17, 24, 25 आपको परेशान कर सकती है।

**कन्या** विशेष लाभ को देख कर मन में हर्ष का वातावरण बनेगा। घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान को करके परिजनों में प्रशंसा के पात्र रहोगे। अचानक धन प्राप्ति के विशेष योग बन रहे हैं। यात्राओं में चोरों का भय बना रहेगा। बच्चों की बातों को लेकर मन को परेशान न करें। विद्यार्थी वर्ग आलस्य को त्याग कर पढ़ाई पर ध्यान दें। यदि आप महिला हैं तो मन को धार्मिक कृत्यों में लगायें। कुछ उच्च स्तरीय लोग आपको ऑफिस में परेशान कर सकते हैं। तारीख 14, 18, 19, 26, 27 शुभ नहीं हैं।

**तुला** इस मास में आय से ज्यादा आपका खर्च रहेगा। ईमानदारी सफलता की कुंजी है, यह तथ्य सार्थक रखें। बड़ों की सलाह से कठिन परिस्थितियों पर काबू पाया जा सकता है। घर पर कुछ झगड़े का अंदेशा रहेगा। खर्च में अधिकता से बजट बिगड़ सकता है। मास के उत्तरार्ध में लाभ की प्राप्ति होगी। यदि आप विद्यार्थी हैं तो परिजनों का सहयोग करें। जेब खर्च पर नियंत्रण रखें। यदि आप महिला हैं तो सौंदर्य प्रसाधनों पर देख खर्च करें। ऑफिस में आपको अचानक उन्नति के मार्ग मिल सकते हैं। 1, 2, 16, 20, 21, 30 तारीख हितकर नहीं हैं।

**वृश्चिक** इस मास में आय और खर्च का समीकरण बराबर रहेगा। आप अपनी वाणी से स्थितियों पर काबू पा सकते हैं। किसी की जिम्मेदारी लेना व धन देना आपको हितकर नहीं रहेगा। इस मास में परिजनों से विरोध सहना पड़ सकता है। ऑफिस में आपको उन्नति के योग प्राप्त होंगे। कार्य क्षेत्र में विशेष अनुबंध करने पड़ सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग परिजनों का सहयोग करें। महिलाएं भौतिक साधनों पर विशेष खर्च करेंगी। संतान पक्ष अपने कृत्यों से आपको प्रसन्नता देंगे। घर के साजो सामान का आगमन होगा। तारीख 4, 18, 19, 22, 23 आपको परेशान कर सकती हैं।

kundli.cityemails.com

**धनु** इस मास में आपको चारों ओर से लाभ के संदेश मिलेंगे। धार्मिक अनुष्ठान पर खर्च कर आप सामाजिक प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। आपकी कटु वाणी आपके किये कराये पर पानी फेर सकती है। कार्य क्षेत्रा पर आपको कुछ खर्च करना पड़ सकता है। परिजनों का विशेष सहयोग मन में खुशी का वातावरण बनायेगा। संतान पक्ष के कहने पर कहीं यात्राा का प्रोग्राम बन सकता है। यदि आप महिला हैं तो पति की जेब पर आपका पूर्णाधिकार रहेगा। विद्यार्थी वर्ग समय का लाभ उठायें। तारीख 6, 7, 20, 21, 24, 25 आपको लाभकर नहीं हैं।

**मकर** कहीं धार्मिक क्षेत्रा की यात्राा करके मानसिक शांति प्राप्त करेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में गिरावट से आप परेशान हो सकते हैं। पुराने मित्रों की आपको सहायता करनी पड़ सकती है। इस समय भाग्य पूर्ण रूप से आपके साथ है। यदि भूमि के क्रय विक्रय का सोच रहे हैं तो समय व्यर्थ न करें। संतान पक्ष की सलाह से आप विशेष लाभ प्राप्त करेंगे। ऑफिस में उच्च वर्ग के लोग आपको परेशानी में ड़ाल सकते हैं। यदि आप विद्यार्थी हैं तो भाग्य के भरोसे समय का सदुपयोग करें। महिला वर्ग इस समय अपने परिजनों से धन प्राप्त करेंगी। तारीख 9, 10, 22, 23, 26, 27 हितकर नहीं हैं।

**कुंभ** इस मास में पत्नी की सलाह से आपको विशेष लाभ रहेगा। यात्रााओं को कुछ समय के लिए स्थगित कर दें। आप पेट के रोगों से परेशान हो सकते हैं। संतान पक्ष की बातों से मन में परेशानी का वातावरण बनेगा। आपका उग्र स्वभाव घर के वातारण को और उग्र बना सकता है। यदि आप विद्यार्थी हैं तो मित्रा मण्डली में समय व्यर्थ न गवायें। ऑफिस में आप सहयोगियों से परेशान हो सकते हैं। सामाजिक लोग आपकी सलाह चाहते हैं।यदि आप महिला हैं तो पति का सहयोग करें। तारीख 11, 12, 17, 18, 24, 25 आपको हितकर नहीं हैं।

**मीन** इस मास में आपको व्यापार पर विशेष ध्यान देना होगा। लाभ के बहुत सारे साधन आपका इंतजार कर रहे हैं। संतान पक्ष की बात आपको विशेष लाभ दे सकती है। आप अन्य बातों पर उच्च रक्तचाप न करें। कुछ पुराने मित्रा मिल कर आप से खर्च की उम्मीद करते हैं। यदि आप महिला हैं तो अपने नये कमाई के स्रोत ढूंढ़ पायेंगी। नौकरी पेशा लोग इस समय अपने बॉस से परेशान हो सकते हैं। यदि आप विद्यार्थी हैं तो अपनी भाषा पर नियंत्राण रखें। शेयर्स बाजार से आपको इस मास में विशेष लाभ हो सकता है। तारीख 4, 13, 14, 26, 27 हितकर नहीं हैं।

kundli.cyberhealth.com